4

Udaipur . Friday

13/12/2019

पत्रिका

सैकड़ों छात्राओं को दिया आत्मरक्षा प्रशिक्षण

उदयपुर ◆ ऐश्वर्या कॉलेज ऑफ एजुकेशन संस्थान के पीजी कॉलेज में वुमन सेल की ओर से आयोजित सेल्फ डिफेंस शिविर में 200 से अधिक छात्राओं को आत्मरक्षा प्रशिक्षण दिया गया। सीएमडी. डॉ सीमा सिंह ने बताया कि महिला प्रशिक्षक भव्या ने छात्राओं को आपात स्थिति मे अपना बचाव करने और शारीरिक रूप से मजबूत बनने के लिए प्रेरित किया। वहीं डॉ. रीना शर्मा ने कराटे, बॉक्सिंग सीखने सहित आत्मविश्वास में वृद्धि, सावधान और सजग रहने के अलावा आपात स्थिति में पुलिस और महिला प्रोटेक्शन नंबर के उपयोग की सलाह भी दी।

मास्क मेकिंग में झलका उत्साह

उदयपुर ◆ ऐश्वर्या कॉलेज ऑफ एजुकेशन संस्थान के बीएड कॉलेज मे इंटेक हैरिटेज क्लब की ओर से मास्क मैकिंग प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साह से भागीदारी निभाई। प्रतियोगिता का उद्घाटन इंटेक के सह समन्वयक डॉ. ललित पांडे और गौरव सिंघवी ने किया।

इस अवसर पर विद्यार्थियों ने नारी शक्ति, प्रदूषण, वन्यजीव संरक्षण, भारतीय संस्कृति आदि पर मुखौटे बनाए। प्राचार्या डॉ. राशि माथुर ने बताया कि बीएड के शीतल मीणा, भरत आमेटा और पायल मीणा क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय रहे। इसी तरह डीएलएड प्रतियोगिता में प्रथम माधवी सिसोदिया, द्वितीय माया खटीक और तृतीय ललित पटेल रहे।